C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:02 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 10 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 21 जून 2024

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस...भीतर के पेज पर

News कॉर्नर

## उत्तराखण्ड की योग भूमि ने पूरी दुनिया को योग का संदेश दियाः राज्यपाल



**नैनीताल।** सरोवर नगरी के राज्य भवन म 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) सहित राजभवन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया गया। कुमाऊं विश्वविद्यालय की योगाचार्य डॉ. सीमा चौहान ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास करवाया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि योग शरीर, मस्तिष्क एवं आत्मा को एक सकारात्मक ऊर्जा एवं स्वस्थ जीवन जीने की शक्ति देता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग अपने नित्य दिनचर्या में अपनाना चाहिए। योग हमारी सोच, हमारे विचार और क्रिया में सकारात्मक बदलाव लाता है साथ ही इससे एक सकारात्मक ऊर्जा व स्वस्थ जीवन जीने की शक्ति मिलती है।

राज्यपाल ने कहा इस वर्ष की थीम ''स्वयं और समाज के लिए योग'' है। स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए हमें नियमित योग करना चाहिए और अन्यों को भी योग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। हमें सकारात्मक ऊर्जा की आवश्यकता है, जो तनाव को दूर रखे और हमें अपने कार्य को पूरा करने की शक्ति प्रदान करे, यह सब योग के नित्य अभ्यास से ही संभव है। राज्यपाल ने कहा कि 09 वर्ष पूर्व योग को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने के पश्चात् अभी तक योग विश्व के लगभग हर कोने में अपनाया जाने लगा है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की योग भूमि ने पूरी दुनिया को योग का संदेश दिया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः जिले भर में किया गया योगाभ्यास

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

जिले भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह योगाभ्यास किया गया। साथ ही लोगों से योग को अधिक से अधिक अपनाने पर जोर दिया गया। इस क्रम में हल्द्वानी में विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति जज फार्म के तत्वावधान में स्थानीय जनमिलन केंद्र में योगाभ्यास किया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक शांति जीना ने लोगों को योग आसन, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम आदि योग कराये और इसके फायदे भी बताये। इस मौके पर समिति अध्यक्ष विशंभर कांडपाल, व्यापार मंडल सचिव गीता कांडपाल, तारा बिष्ट, हेम चंद्र जोशी, पीसी जोशी, पीसी पंत, हेम अवस्थी, कुलदीप पांडे, एमएस नगरकोटी, डीएन पांडे, केसी पांडे आदि मौजूद थे। इधर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सचिव बीनू गुलयानी के नेतृत्व में पैरा लीगल वालंटियर उमा भंडारी ने महिला डिग्री कॉलेज हल्द्वानी में योग शिविर का आयोजन किया। योग शिविर विधिक सेवा प्राधिकरण, जेएसएस शिक्षण संस्थान भीमताल व महिला डिग्री कालेज के सहयोग से आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों से योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया गया। साथ ही उच्चतम न्यायालय की ओर से 29 जुलाई से तीन अगस्त तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में भी लोगों को बताया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक ज्योति चुफाल, डॉ.ललिता जोशी, डॉ.गीता पंत, डॉ.ऋतुराज पंत, डॉ.हिमानी, डॉ.विद्या, डॉ.संजू, डॉ.प्रभा साह, जेएसएस शिक्षण संस्थान भीमताल के निदेशक गोपाल प्रसाद आदि मौजूद थे।





ईडी ने इस मामले को तत्काल सुनवाई की मांग की

# केजरीवाल की हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी होने तक जमानत पर लगी रोक

**नई दिल्ली**
एजेंसी

गुरुवार को दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत प्रदान करते हुए आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले जमानत प्रदान कर दी। जिसके बाद आज ईडी ने केजरीवाल की जमानत के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है।

दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ ईडी ने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया है। ईडी ने इस मामले को तत्काल सुनवाई की मांग की। ईडी की याचिका पर सुनवाई को लिए हाईकोर्ट सहमत हो गया है। ईडी का दावा है कि हमको अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करने का पूरा मौका नहीं दिया क्या, इसलिए निचली अदालत के जमानत के फैसले पर रोक लगाई जाए। अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने ईडी के वकील को सलाह दी कि आपको अदालत के फैसले को सम्मान के साथ स्वीकार करना चाहिए। हाईकोर्ट की सुनवाई के बाद ही साफ होगा कि अरविंद केजरीवाल आज रिहा होंगे या नहीं। दिल्ली हाईकोर्ट का कहना है कि ट्रायल कोर्ट के आदेश को तब तक प्रभावी नहीं किया जाएगा। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ईडी के केजरीवाल की जमानत के खिलाफ हाईकोर्ट जाने को लेकर कहा, मोदी सरकार की गुंडागर्दी देखिए अभी ट्रायल कोर्ट का आदेश ही नही आया आदेश की कॉपी भी नहीं मिली तो मोदी की ईडी हाईकोर्ट में किस आदेश को चुनौती देने पहुंच गई? क्या हो रहा है इस देश में? न्यायव्यवस्था का मजाक क्यों बना रहे हो मोदी जी पूरा देश आपको देख रहा है? वहीं, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा, देश में तानाशाही इतनी बढ़ गई है कि ईडी किसी को छूट भी नहीं देना चाहती। ईडी अरविंद केजरीवाल जी के साथ देश के आतंकवादी की तरह व्यवहार कर रही है। अभी तो केजरीवाल जी की जमानत का आदेश अपडेट भी नहीं हुआ था कि ईडी स्टे लगवाने के लिए हाईकोर्ट पहुंच गई। लेकिन अभी हाईकोर्ट का फैसला आना बाकी है और हम आशा करते हैं कि हाईकोर्ट न्याय करेगा।



# व्यापारियों का बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन, ईई को घेरा

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े व्यापारियों ने बिजली कटौती के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुस्साये व्यापारी बिजली विभाग जा धमके और प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता का घेराव कर विद्युतापूर्ति में सुधार न होने पर विभाग के कार्यालय में तालाबंदी की चेतावनी दी।

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता के नेतृत्व में तमाम व्यापारी शुक्रवार को तिकोनिया स्थित बिजली विभाग पहुंचे और प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने अधिशासी अभियंता प्रदीप बिष्ट का घेराव किया। उनका कहना था कि भीषण गर्मी में लगातार बिजली कटौती से जहां लोग बेहाल हैं वहीं व्यापार पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के तमाम क्षेत्रों में लो-वोल्टेज के कारण ट्यूबवेल संचालित नहीं हो रहे हैं, ऐसे में लोगों को पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार न किया गया तो वे विभाग के कार्यालय में तालाबंदी करने को विवश होंगे। प्रदर्शन करने वालों में व्यापार मंडल के जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे, प्रदेश मंत्री रूपेन्द्र नागर, शांति जीना, हितेंद्र भसीन, प्रदीप सब्बरवाल, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, उपेंद्र कनवाल, संदीप सक्सेना, उर्वशी बोरा, ज्योति मेहता, प्रफुल्ल पांडे, पवन वर्मा, कौशलेंद्र भट्ट, अरविंद चौहान, चंद्रशेखर पांडे, केनेडी सचदेवा, खीमानंद शर्मा, चंद्रशेखर भट्ट आदि शामिल थे।



# गैस सिलेंडर में धधकी आग, थोड़ी देर में अचानक धमाका हुआ, मची भगदड़

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

**घटना**
- मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने भरा गैस सिलेंडर बाहर फेंका

आवास विकास क्षेत्र में स्थित एक कार्यालय में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई और देखते ही देखते सिलेंडर में तेज लपटें निकलने लगी।

अचानक धमाका हुआ। इससे सामान क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने जलता हुआ सिलेंडर बाहर फैंका। बताया जा रहा है कि आवास विकास में किरन कार्की का एक कार्यालय है। वह गुरुवार की देर शाम रसोई में खाना बना रही कि अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई और देखते ही देखते आग की ऊंची लपटे उठने लगी। गैस सिलेंडर में आग लगते देख उन्होंने औफिस से दौड़ कर जान बचाई। उसके कुछ ही देर बाद ही सिलेंडर में धमका हो गया। जिसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग भी जुटने लगे। धमाके से सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहां मौजूद लोगों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिया। इसी बीच सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने खिड़की तोड़कर कर एक भरा सिलेंडर बाहर निकाला। अच्छा हुआ कि भरे सिलेंडर में आग नही लगी। तब जाकर लोगों ने राहत की सास ली और अग्निकांड में कोई जनहानि नही हुई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# नैनीताल पहुंचे सांसद भट्ट का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सांसद बनने के बाद गुरुवार को पहली मर्तबा नैनीताल पहुंचे अजय भट्ट का भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने तल्लीताल धर्मशाला से नैनीताल क्लब तक बाइक रैली निकाली वही रोड शो में खुली गाड़ी पर सवार अजय भट्ट ने पूरे मार्ग में लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। बाद में अजय भट्ट ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के विकास कार्यो से प्रभावित होकर कार्यकर्ताओं की लगन व जनता के आशीर्वाद से इतिहास रचते हुए दूसरी बार भारी जीत दर्ज की है। कहा कि विपक्ष ने जनता को बहलाने का जो काम किया जनता उस झांसे में नहीं आई वही नैनीताल नगर में पहली बार भाजपा को मिली जीत का श्रेय उन्होंने कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओ ने दिन रात मेहनत कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाया। कहा कि 2014 से चल रही एनडीए की सरकार ने तीसरी बार जीत दर्ज की है।



आगामी पांच वर्षों के विकासकार्यों को लेकर बोले कि जमरानी बांध व नैनीताल-रानीबाग रोपवे निर्माण की सभी बाधांए दूर हो गई हैं। जिस पर अब तेजी से कार्य होगा। मंत्री पद नहीं मिलने के सवाल पर सांसद बोले की वह तो पार्टी के कार्यकर्ता है जिनका हमेशा पिट्ठ बंधा रहता है। ऐसे में शीर्ष नेतृत्व व पार्टी जो ड्यूटी दे उसे निभाते हैं। कहा कि वे पार्टी के कार्यकर्ता हैं पार्टी जो निर्देश करें उसका पालन करना कार्यकर्ता का कर्तव्य है। उन्होंने पहले भी कोई मांग नही की थी और अब भी नहीं। इस दौरान जनप्रतिनिधि समेत तमाम भाजपाई मौजूद थे।

दूसरी ओर सांसद अजय भट्ट ने भुजियाघाट,डोलमार,दोगांव,आमपड़ाव समेत नलेना व भलयूटी ज्योलिकोट तथा बेलूवाखानए बल्दियाखान आदि इलाकों में भ्रमण कर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि विकास कार्य और जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। इस दौरान विधायक सरिता आर्य, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट आर्य, मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, अरविंद पडियार, विमला अधिकारी, तारा राणा, मोहन नेगी, कैलाश रौतेला, भगवत रावत,संजय वर्मा, मारुति साह,विक्की राठौर,तुलसी कठायत, राधा पांडे खोलिया,दया किशन, विमल बिष्ट,नितिन कार्की, अतुल पाल, गजाला कमाल,सलमान जाफरी, डॉ.भुवन आर्य,कमलेश ढोडियाल, प्रकाश आर्य राधा खोलिया कविता शाह रीना मेहरा विक्की राठौड़ विवेक शाह जमीर अहमद कमर खान फैसल कुरैशी आदि मौजूद रहे।

...संबंधित खबर पेज 2 पर

# बाल तस्करी से आजादी 2.0 अभियान पर बैठक आयोजित

**बैठक**
● बाल संरक्षण निराश्रित बच्चे, शिक्षा आदि विषय पर चर्चा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अध्यक्ष उत्तराखंड बाल विकास संरक्षण आयोग डा. गीता खन्ना की अध्यक्षता में गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में बाल तस्करी से आजादी 2.0 अभियान विषय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से बाल तस्करी समेत चाइल्ड हैल्प लाइन, प्रताडित व लावारिस व खोए हुए बच्चे तथा बाल संरक्षण निराश्रित बच्चे, शिक्षा आदि विषय पर चर्चा की गई।

डा. गीता खन्ना ने बताया कि बाल तस्करी, शिक्षा व किशोर न्याय के लिए पुलिस तंत्र तथा श्रम के अलावा अन्य विभागों को भी सहयोग करना चाहिए। लोगों को हर बच्चा- मेरा बच्चा के भाव के साथ अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। यह जिम्मेदारी व्यक्ति विशेष नहीं बल्कि समाज की है। कहा कि किसी प्रकार की भी बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह तथा भिक्षा वृत्ति आदि को रोकने के लिए ग्रामीण और शहरी इलाकों में जागरुकता अभियान चलाना जरुरी है जिसमें विद्यालय, बाल मित्र थाना व स्वास्थ्य विभाग व सरकारी योजनाओं के माध्यम से भी बाल श्रम ड्रग, अपराध तथा तस्करी आदि को रोका जा सकता है। बताया कि बाल तस्करी व अपराध के शिकार सिर्फ कमजोर वर्ग ही अन्य समाज के हर के परिवार या बच्चे भी हैं जिसको रोकने के लिए पुलिस ही नहीं सभी की सहभागिता जरुरी है। बताया कि बस स्टेशन समेत रेलवे स्टेशन, राज्य व अंतराष्ट्रीय बार्डर, होटल व धर्मशाला आदि इलाकों में बाल तस्करी की संभावना ज्यादा रही है। तस्करी के बाद बच्चों को कम्पनियों, होटलों व स्पा सेंटरों व ड्रग सप्लाई आदि के लिए प्रयोग किया जाता है। कहा कि ऐसे इलाकों में पुलिसए खुफिया तंत्र समेत अन्य विभागों को सतर्क रहने की आवश्यता है। साथ बच्चों के खोए.घर नहीं या अन्य परिस्थितियों में चाइल्ड हैल्प लाइन नंबर 1098 में सपर्क कर सकते हैं।

बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि एनसीपीसीआर ने भारत के 100 जिलों को चिह्नित किया है। जिनमें बाल तस्करी की संभावना ज्यादा है। जिसमें उत्तराखंड राज्य के सात जिले चिह्नित किए हैंए जिसमें बाल तस्करी की होने की संभावना है। इसी क्रम में पिथौरागढ़ व चंपावत, उत्तरकाशी व नैनीताल जिलों में बाल तस्करी की ज्यादा संभावना हैं, इन जिलों में बाल तस्करी रोकने के लिए बैठक और जागरुकता अभियान चलाया जा चुका है साथ ही एनसीपीसीआर द्वारा 1 से 30 जून तक पूरे भारत वर्ष में बाल श्रम मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है साथ ही जो परिजन बच्चों के शिक्षा या अन्य पूर्ति करने में असमर्थ हैं ऐसे बच्चों को चिह्नित कर शिक्षाए संरक्षण आदि की व्यवस्था की जाएगी। जिसके लिए हर जिले में टास्क फोर्स का गठन किया गया है। बैठक में एडीएम पी आर चौहान, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी वर्षा आर्या समेतक डा. एस के सिंह, सीएमओ डा. श्वेता भंडारी समेत एसआई रजनी आर्या, एसआई नीतू सिंह व एसआई पूजा मेहरा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में डा. खन्ना ने बताया कि पहले समय में बच्चों का दायरा परिवार तक ही सिमित था लेकिन आज के आधुनिक समय में बच्चा समाज से जल्दी जुड़ता है। जिससे बच्चों का व्यवहार में परिवर्तन होता है, ऐसी स्थिति में परिजनों को सतर्क रहने की जरुरत है। उन्होंने बताया कि अगर स्वभाव,पहनावे व खेलकूदए खान पान या परिजनों को समय नहीं देना या मोबाइल का प्रयोग अधिक करना आदि ऐसी स्थिति होती हैए तो परिजनों को बच्चों की घर में काउंसिलिंग करने की आवश्यता है।

# शांत और मनमोहक प्राकृतिक परिवेश के बीच योग कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में, 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी ने इस वर्ष की थीम, स्वयं और समाज के लिए योग को दर्शाते हुए, सुरम्य नैनीताल झील पर एक भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक उत्साही कैडेट और नौसेना अधिकारियों ने शांत और मनमोहक प्राकृतिक परिवेश के बीच ने इस योग कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। नैनीताल झील के शांत परिवेश ने योग सत्र के लिए एक मनोरम पृष्ठभूमि प्रदान की, जो प्रकृति और मानव के बीच सामंजस्य को मजबूत करती है। इस कार्यक्रम में एन0सी0सी0 कैडेटस द्वारा सक्रिय भागीदारी की गई। योग का उद्देश्य प्रतिभागियों के दैनिक जीवन में प्राचीन अभ्यास को एकीकृत करना है, शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्पष्टता और सामुदायिक भावना के लाभ प्रदान करना है। डीएसबी परिसर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के एनसीसी अधिकारी सब ले0 डॉ रीतेश साह ने बताया कि नैनीताल झील पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस न केवल एक वैश्विक आयोजन का उत्सव था, बल्कि व्यक्तिगत विकास और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने में योग के स्थायी लाभों का आयोजन भी था। इस अवसर पर ऐक्सीक्यूटिव ऑफ़िसर ले0 कमांडर अनिल मन्हास, सब ले0 नवीन धूसिया, चीफ इंस्ट्रक्टर अंकुर यादव, इंस्ट्रक्टर कौशिश मौर्य, राजेश कुमार गुर्जर, मंजीत, रवि, कर्मबीर यादव, यूनिट के कर्मचारियों सहित एनसीसी कैडेटस सम्मिलित थे।



# बार एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने नैनीताल क्लब में से मुलाकात की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल सांसद अजय भट्ट के नैनीताल दौरे पर गुरुवार को उच्च न्यायालय उत्तराखंड बार एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने नैनीताल क्लब में उनसे मुलाकात की।

शिष्टमंडल की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष दिनेश रावत ने शिष्टमंडल की तरफ़ से सांसद अजय भट्ट का स्वागत किया और उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत की बधाई दी । अध्यक्ष दिनेश रावत ने सांसद को अधिवक्ताओं को होने वाली विभिन्न परेशानी से अवगत कराया । आगे बढ़ते हुए उन्होंने सांसद अजय भट्ट को उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति के रिक्त पद को भरने के लिए अपने स्तर से प्रयास करने के लिए आग्रह किया गया।

शिष्टमंडल में अध्यक्ष दिनेश रावत समेत महासचिव सौरभ अधिकारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास गुगलानी, अनिल जोशी, कौशल पांडे उपसचिव, गुरबानी सिंह, दिग्विजय सिंह, राजेश शर्मा व रवि बिष्ट आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की तैयारी में पालिका

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर पालिका की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए पालिका की ओर से आय को दोगुना करने की तैयारी की जा रही है।

बता दें कि वर्तमान में पालिका लगभग साढ़े छह हजार संपत्तियों से स्वच्छता और भवन टैक्स लेती है।जिससे पालिका की हर साल लगभग 5 करोड़ की आय होती है लेकिन शहर में इन दिनों ड्रोन से सर्वे किया जा रहा है। जो लगभग पूरा हो गया है। और अब ज़मीनी सर्वेक्षण किया जा रहा है। जो लगभग पाँच वार्डों में पूरा हो गया। जिसके बाद मात्र पाँच वार्डों में ही पालिका की तीन हज़ार से अधिक सम्पत्तियाँ सामने आ चुकी हैं।अभी लगभग आठ वार्डों का ज़मीनी सर्वेक्षण का काम बचा हुआ है।जिसे पूरा होने में लगभग 6 माह का समय और लगेगा।सभी वार्डों का जमीनी सर्वेक्षण पूरा होने के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि शहर में पालिका की लगभग दस हज़ार से अधिक सम्पत्तियाँ सामने आ सकती हैं।जिसके बाद दोगुनी संपत्तियों के साथ पालिका की आय भी दोगुनी हो जाएगी। मामले में पालिका की अधिशासी अधिकारी पूजा चन्द्रा ने बताया कि नैनीताल में ड्रोन सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है और अब जमीनी सर्वेक्षण का काम किया जा रहा है। शहरी विकास विभाग ने इस कार्य के लिए निजी कम्पनी रामा टैक साफ्टवेयर साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को चुना है।यह सर्वे कार्य पूरी तरह निःशुल्क है साथ ही शहरवासी सर्वे करने में सहयोग करें व आवश्यक दस्तावेज सर्वे टीम को उपलब्ध करवाएं।

### सरकारी सम्पत्ति का डिजिटल मैप बनाने की भी कवायद

नैनीताल। निकायों के अधीन निजी और सरकारी सम्पत्ति का ब्योरा डिजिटल माध्यम से लोगों के लिए उपलब्ध रहेगा। निकायों में निजी और सरकारी सम्पत्ति का डिजिटल मैप बनाने की भी कवायद भी शुरू हो गई है। कार्य पूरा होने पर इसको साफ्टवेयर पर अपलोड कर दिया जायेगा। निकाय के अन्तर्गत आने वाले व्यक्तियों के मकानों की फोटोए कमरों की संख्या तथा क्षेत्रफल की माप की जानकारी भी नक्शे में दर्ज कर दी जायेगी।

## NEWS / फटाफट

### प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा की योग शरीर, मस्तिष्क एवं आत्मा को एक सकारात्मक व स्वस्थ जीवन जीने की शक्ति देता है। योग हमें सिखाता है कि कैसे संतुलित जीवन जिया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा इस वर्ष की थीम Yoga for self and society ''स्वयं और समाज के लिए योग'' है। स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए हमें नियमित योग करना चाहिए और अन्य लोगों को भी योग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। हमें सकारात्मक ऊर्जा की आवश्यकता है, जो तनाव को दूर रखे और हमें अपने कार्य को पूरा करने की शक्ति प्रदान करे, यह सब योग के नित्य अभ्यास से ही संभव है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड योग प्रदेश है यहां हरिद्वार और ऋषिकेश योग के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं। पूरे विश्व को योग की प्रेरणा भारत से ही मिली है। राज्यपाल ने कहा की हमें योग को एक अतिरिक्त काम के तौर पर न लेकर अपने दैनिक जीवनचर्या में योग को अपनाना चाहिए।

### नव निर्वाचित सांसद भट्ट भ्रमण कर आभार जताया



नैनीताल। ज्योलीकोट नैनीताल नव निर्वाचित सांसद अजय भट्ट ने भुजियाघाट, डोलमार, दो गांव, आमपड़ाव, नलेना, भलयूटी ज्योलीकोट, बेलुवाखान, बल्दियाखान आदि इलाकों में भ्रमण कर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि विकास कार्य और जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। इस दौरान ज्योलीकोट में बूथ अध्यक्ष दीपक बिष्ट को बूथ में सक्रियता और बूथ जीतने में सहयोग के लिए माला पहना कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख हरीश बिष्ट, मण्डल अध्यक्ष कपिल अढ़ेती,ग्राम प्रधान हरगोबिंद रावत,पुष्कर जोशी,कैलाश जोशी, दीवान अधिकारी,कुंदन सिंह, हेम आर्य, प्रधान रजनी रावत, धर्मेंद्र सिंह,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

# कूटा ने सांसद भट्ट से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया, ज्ञापन सौंपा

नैनीताल/भीमताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ( कूटा) ने अजय भट्ट सांसद नैनीताल उधमसिंहनगर लोक सभा क्षेत्र से गुरुवार को शिष्टाचार भेंट कर पुष्प गुच्छ भेंट कर पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कूटा ने दूसरी बार भारी मतों से पुनः विजय प्राप्त करने के लिए अजय भट्ट को बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही शिक्षकों की विभिन्न समस्या से अवगत करवाया तथा ज्ञापन दिया । कूटा ने ज्ञापन में कहा कि ऐसे प्राध्यापकों जिन्हे 10 वर्ष प्रोफेसर के रूप में पूर्ण हो गए हैं को वेतन लेवल 15 यूजीसी नियमानुसार दिया जाना चाहिए तथा उच्च शिक्षा उत्तराखंड में संविदा अतिथि शिक्षकों को यू जी सी नियमानुसार 57,700 प्रतिमाह दिया जाय तथा उच्च न्यायालय ने निर्णयानुसार 10 वर्ष संविदा व अतिथि शिक्षकों एवम कर्मचारियों के रूप में कार्य कर चुके है उनके विनिमितिकरण के लिए शासनादेश जारी किया जाय।



कूटा ने वेकेशन में कटौती पर रोष व्यक्त किया तथा उससे पूर्व की भाती 60 दिन अथवा राज्य सरकार नियम से उपार्जित आवास का करने का आग्रह किया । कूटा ने शहर के आंतरिक मार्गो के गड्ढे भरने तथा बिजली का बिल 30दिन के बाद देने का आग्रह भी किया । बाद में कूटा ने उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर गीता खन्ना से मुलाकात की तथा उन्हें पुष्प गुच्छ भेट शिष्टाचार मुलाकात की । कूटा शिष्टमंडल में अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी के साथ विधायक सरिता आर्य, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट समेत कूटा महासचिव डॉ विजय कुमार के अलावा डॉ.भुवन चन्द्र आर्य शामिल रहे।

# आढ़ती ने मुनीम पर 79 लाख के गबन का आरोप लगाया

**मुकदमा**
● पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

फल सब्जी आढ़ती ने मुनीम पर 79 लाख के गबन का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को तहरीर सौंपी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को सौंपी तहरीर में छड़ायल सुयाल मानपुर पश्चिम देवलचौड़ निवासी घनश्याम शर्मा पुत्र इंद्रमणि शर्मा ने कहा है कि बड़ी मंडी में उनकी सब्जी-फल की आढ़त है। उनकी पत्नी दीपा शर्मा आढ़त की मालकिन हैं। आढ़त में मुक्तेश्वर निवासी रोहित पलड़िया मुनीम के तौर पर काम करता था। आरोप है रोहित उनकी पत्नी से बैंक चेक में हस्ताक्षर कर चेकों को अपने व अपने करीबियों के खाते में ट्रांसफर कराता रहा। रोहित वर्ष 2018 से आढ़त में काम कर रहा था। घनश्याम पिछले वर्ष अगस्त से लगातार आढ़त पर बैठने लगे तो चोरी का खुलासा हुआ। आठ माह के खातों, कैश बुक, बैंक डिटेल की जांच की तो 8,24,000 रुपये का हिसाब नहीं मिला। रोहित जिन चेकों को अपने खातों में ट्रांसफर करता, उन्हें आढ़त के लेजर, कैशबुक व बैंक की स्लिप में जमा दर्ज दिखा देता था। ऐसा कर उसने 79,00,000 रुपये का गबन कर दिया। आरोप है कि इस रकम से उसने दो ट्रक, एक कार, एक मोटर साइकिल खरीदी और 20-25 लाख रुपये उसने अपने गृह जनपद में खर्च किया। कोतवाली पुलिस ने घनश्याम की तहरीर पर रोहित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अभिमत



## सहयोगियों को कमान

***प्रधानमंत्री मोदी सरकार का एजेंडा मनमर्जी से तैयार नहीं कर पायेंगे। गठबंधन के सहयोगी दलों के हाथ में कमान होने के आसार नजर आ रहे हैं। राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी), राष्ट्रीय नागरिक संहिता (यूसीसी) और एक नेशन, एक चुनाव के मुद्दों को लेकर टकराव हो सकता है। सेना में अग्निपथ योजना का भी सहयोगी दल विरोध कर रहे हैं। यूसीसी के बारे में सहयोगी दलों को समझाबुझाकर लागू किया जा सकता है। विपक्ष का विरोध बेकार साबित होगा। एनआरसी और एक नेशन, एक चुनाव के मामले में सत्तारूढ़ गठबंधन का कोई भी घटक शायद ही राजी हो।***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्र में तीसरी बार सरकार बनाने में कामयाब जरूर हो गये हैं, लेकिन सरकार चलाना पिछले दो कार्यकाल की तरह आसान नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी सरकार का एजेंडा मनमर्जी से तैयार नहीं कर पायेंगे। गठबंधन के सहयोगी दलों के हाथ में कमान होने के आसार नजर आ रहे हैं। राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी), राष्ट्रीय नागरिक संहिता (यूसीसी) और एक नेशन, एक चुनाव के मुद्दों को लेकर टकराव हो सकता है। सेना में अग्निपथ योजना का भी सहयोगी दल विरोध कर रहे हैं। यूसीसी के बारे में सहयोगी दलों को समझाबुझाकर लागू किया जा सकता है। विपक्ष का विरोध बेकार साबित होगा। एनआरसी और एक नेशन, एक चुनाव के मामले में सत्तारूढ़ गठबंधन का कोई भी घटक शायद ही राजी हो। जेडीयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी यूसीसी को मंजूर करने के लिए जाति आधारित जनगणना की शर्त रख रहे हैं। भाजपा और केन्द्र सरकार के विरोध के बाद भी बिहार में जेडीयू के नेता एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनगणना के आंकड़े जारी किये थे। जेडीयू ने अग्निपथ योजना का विरोध किया है। वर्ष 2022 में लागू की गई इस योजना के तहत सैकड़ों अग्निवीरों की भर्ती करके सेना में शामिल किया गया है। अग्निवीरों के भविष्य पर सवाल उठना लाजिमी है। अग्निपथ योजना को लेकर पूरे देश में विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन किया था, लेकिन पूरे बहुमत वाली केन्द्र सरकार ने विरोध को दरकिनार कर दिया। विपक्ष एक बार फिर विरोध करेगा और सरकार के सहयोगी दल यदि विपक्ष के स्वर में स्वर मिलायेंगे तो हालात नाजुक हो जायेंगे। एनआरसी लागू करना अनुचित नहीं है। आजादी के बाद पहली बार वर्ष 1951 में पूरे देश में जनगणना कराई गई थी, उसी समय राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर तैयार किया गया था। हर दस साल बाद जनगणना तो कराई गई, लेकिन एनआरसी अपडेट नहीं की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने घुसपैठियों को चिह्नित करने और घुसपैठ रोकने के लिए एनआरसी लागू करने का निर्णय लिया। विपक्ष विरोध में खड़ा हो गया। एक नेशन, एक चुनाव सबसे जटिल मुद्दा है। केन्द्र में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बन जाती तो एक नेशन, एक चुनाव पर अमल कर सकती थी, परन्तु गठबंधन की बैसाखी पर चलने वाली सरकार जोखिम उठाने की स्थिति में नजर नहीं आ रही है। चुनाव नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा था कि तीसरे कार्यकाल में वह बड़े फैसले लेंगे और भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था तथा आत्मनिर्भर बनायेंगे। पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अनेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हुआ है और दुनिया में तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था वाला देश हो गया है।

# डेस्टिनेशन टूर गाइड प्रशिक्षण का प्रीस्कीनिग संपन्न

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



यूजीसी आईआईएमएमटी कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कान्फ्रेंस हॉल में डेस्टिनेशन टूर गाइड प्रशिक्षण का प्रीस्कीनिग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बता दें कि यह प्रशिक्षण कार्यकम अपर निदेशक पर्यटन उत्तराखण्ड तथा जिला पर्यटन विकास अधिकारी नैनीताल, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटेलिटी स्कील काउन्सिलिंग नोरंग हाउस कस्तूरबा गाँधी मार्ग केनॉट प्लेस नई दिल्ली प्रशिक्षकों के सहयोग से साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को दूर गाइड के रूप में प्रशिक्षित करना था जिससे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिल व स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हों। इस कोर्स के लिए पात्रता आयु सीमा 18 से 50 वर्ष तथा पंजीकरण फार्म व स्व.सत्यापित 12 वीं की मार्कशीट व आधार कार्ड होना अनिवार्य है। जिसमें जनपद के स्थानीय बेरोजगार युवक व युवतियों ने डेस्टिनेशन दूर गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 58 आवेदनकर्ताओं द्वारा साक्षात्कार दिया जिसमें कुल 30 आवेदनकर्ताओं को डेस्टिनेशन दूर गाइड 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 20 जून से 29 जून तक हेतु चयन किया गया है।

चयनित आवेदकों का प्रशिक्षण 21 जून (आज) को अपराह्न दो बजे से यूजीसी आईआईएमएमटी कुमाँऊ विश्वविद्यालय नैनीताल से किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ विभिन्न पर्यटन स्थलों पर ले जाया जायेगा। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को टी.शर्ट, कैप और डेस्टिनेशन टूर गाइड प्रमाण पत्र पत्र प्रदान किये जायेंगे। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् देहरादूनए जिला पर्यटन विकास अधिकारीए नैनीताल और ज्बैब् के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण नैनीताल के आस.पास के क्षेत्रों में पर्यटन उद्योग के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम हैए इसके माध्यम से न केवल बेरोजगार युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे साथ ही जनपद के पर्यटन स्थलों का भी प्रचार-प्रसार होगा।

## योग दिवस पर योग एवं प्राणायाम शिविर

**हल्द्वानी।** इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में एनएसएस एवं नमामि गंगे के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर योग एवं प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया ।

शिविर का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य प्रो0 शशि पुरोहित ने कहा कि भारत ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाकर योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया। शुभारम्भ एम. डी अशोक योगिता पाल, प्राचार्य डॉ विनय खुल्लर, अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, डॉ सुभाष चन्द्र ने दीप प्रज्वलन क़र किया।

योग शिक्षिका रश्मि कर्नाटक एवं टीम ने सभी क़ो पहले सूक्ष्म व्यायाम, फिर आसन एवं योग एवं फिर प्राणायाम का अभ्यास कराया, सभी ने पूर्णता शान्ति पूर्वक विभिन्न असानो एवं अनुलोम विलोम आदि प्राणायाम की विधाओं का अभ्यास किया एवं रश्मि कर्नाटक ने योग की सूक्ष्म रहस्ययों का विस्तृत वर्णन किया।

# जिला बार एसोशिएशन की नवनियुक्त कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिला बार एसोशिएशन की नवनियुक्त कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को आयोजित किया गया जिसके बाद नवनियुक्त कार्यकारणी ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया।

समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला जज सुबीर कुमार व विशिष्ट अतिथि उत्तराखण्ड बार काउंसिल के चैयरमेन डा. महेंद्र पाल मौजूद रहे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने जिला बार के नवनियुक्त अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी, सचिव संजय सुयाल, उपाध्यक्ष अनिल हर्नवाल व उप सचिव मनीष कांडपाल सहित वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य प्रीति साह व मंजू कोटलिया, स्वाति बोरा व यशपाल आर्या को जिला जज ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी।

मुख्य अतिथि व जिला जज सुबीर कुमार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए बार व बैंच के बीच सामंजस्य बनाये रखने की बात कही।

उत्तराखंड बार काउंसिल के चैयरमेन डॉ महेंद्र सिंह पाल ने सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर अधिवक्ता हित मे कार्य करने को कहा एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी ने कहा कि अधिवक्ता साथियो ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौपी है वे इस कसौटी पर सौ फीसदी खरा उतरने का प्रयास करेंगे, कहा कि बार द्वारा पारित प्रत्येक प्रस्ताव का सम्मान करना सभी अधिवक्ताओ का कर्तव्य है वे हमेशा अधिवक्ता हित को आगे रखकर ही कार्य करेंगे जबकि सचिव संजय सुयाल ने कहा कि वे सभी अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अधिवक्ता कल्याण के लिये कार्य करने के साथ ही उनकी परेशानी में सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे। समारोह में न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओ के लिये सह भोज भी आयोजित किया गया। इस दौरान सीनियर सिविल जज हर्ष यादव समेत कई अधिवक्ता मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



डीएसए ग्राउंड में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट द्वारा कार्यकर्ताओं और लोगों के साथ योगासन किया गया। बता दें योग आयुर्वेद का अभिन्न अंग है, जो स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करता है और रोगी व्यक्ति की चिकित्सा करता है। योग स्वस्थ जीवन शैली की ओर हमें अग्रसर करता है। भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर योग को विश्वभर में विशेष पहचान दिलाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आज हमारा देश 卐भारत卐 विश्व के अन्य देशों का योग के क्षेत्र में नेतृत्व कर रहा है, जिसने योग को विश्व में विशिष्ट पहचान दिलाई है। मुख्य अतिथि नैनीताल-उधम सिंह नगर सांसद अजय भट्ट ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि योग प्रत्येक मनुष्य के जीवन में अहम भूमिका रखता है। हमें नित्य योग करना चाहिए, इससे हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा, ऊर्जावान रहेगा और हमें हिंसा के विकार से दूर रखेगा। इस अवसर पर विधायक नैनीताल सरिता आर्या ने कहा कि प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में कुछ समय व्यायाम करने से हमारा दिन स्फूर्ति भरा रहता है, हम सभी को योग करना चाहिए। योग करने से हम चिरायु, स्वस्थ और ऊर्जावान बने रहते हैं। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वालों का आभार व्यक्त किया और सभी से नित्य योग करने की अपील की। जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी नैनीताल द्वारा योगासन का व्याख्यान किया गया और उनके द्वारा भद्रासन, मकरासन, भुजंगासन, दंडासन आदि अन्य प्रकार के योगासन कराए गए तथा उनसे होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष मंडी परिषद डा.अनिल डब्बू, भाजपा दर्जा मंत्री दिनेश आर्या, दीपक मेहरा, सुरेश भट्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, आनंद बिष्ट, अरविंद पडियार, मनोज जोशी, कविता गंगोला, विमला अधिकारी, दया पोखरिया, आदि जनप्रतिनिधियों के साथ ही नगर आयुक्त हल्द्वानी विशाल मिश्रा, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी/प्रभारी ईओ नगर पालिका, नैनीताल अतुल भंडारी, तहसीलदार, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी पर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लाखों छात्रों की जिंदगी बर्बाद करने वाले एनटीए को भंग करो

**हल्द्वानी।** मोदी सरकार और यूजीसी की सबसे एजेंसी एनटीए नित नए कीर्तिमान स्थापित करती जा रही है। नीट एग्जाम में पेपर लीक और धांधलियों का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि अब यूजीसी नेट की परीक्षा रद्द कर दी गई है। इससे लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। यह बात

परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछासं) के ईकाई सचिव महेश चंद्र ने कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने को पाक-साफ कहती है लेकिन सवाल यह है कि आखिर क्यों पिछले लंबे समय से एनटीए की गड़बड़ियों पर पर्दा डालकर एक के बाद एक, सारे एग्जाम एनटीए से ही कराये जा रहे हैं। यूजीसी नेट परीक्षा रद्द किया जाना देश की छात्र आबादी के लिए एक संदेश है कि अगर अब भी इन तमाम चीजों को देखते हुए इस एनटीए संचालित गोरखधंधे का विरोध नहीं किया गया तो बहुत देर हो जाएगी। छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ यूं ही जारी रहेगा।

# एक व्यक्ति ने रिश्तेदार पर देखभाल के लिए दिया मकान बेचने का आरोप

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



**आरोप**

- **मकान मालिक ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई**

एक व्यक्ति ने रिश्तेदार पर देखभाल के लिए दिया मकान को बेचने का आरोप लगाया। पीड़ित ने रिश्तेदार पर धमकाने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

यूपी के जिला मिर्जापुर के गुहा चुनार निवासी प्रवीर उर्फ प्रोवीर कुमार ने पुलिस को बताया कि काशीपुर हाईवे स्थित एक कालोनी में उसका एक मकान है। जिसकी देखभाल के लिए उसने दिनेशपुर के रहने वाले रिश्तेदार को दे दिया था। बताया कि 18 जून को जब वह मकान पर आया,तो देखा कि मकान में एक महिला कुछ लड़कियों के साथ रह रही थी और जब रहने का कारण पूछा तो बताया कि देखभाली के लिए रखे रिश्तेदार ने ही मकान को बेच दिया गया।

आरोप था कि जब रिश्तेदार से मकान बेचने का कारण पूछा और दस्तावेज मांगे,तो वह सक पकाने लगा। रिश्तेदार पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। साथ ही आरोपी महिला ने झूठे मुकदमे फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करते हुए मदद की गुहार लगाई। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच करेगी। फिलहाल इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी है।

## News कॉर्नर

### युवकों द्वारा किशोरियों को भगाने की आशंका जताई

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र से दो किशोरियां लापता हुई हैं। परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई है। वहीं हिन्दूवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने थाने में पहुंच कर पुलिस से उनकी बरामदगी की गुहार लगाई है। उन्होंने धर्म विशेष के युवकों द्वारा किशोरियों को भगाने की आशंका जताई है। बहरहाल पुलिस किशोरियों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली दो पड़ोसी किशोरियां 20 जून की सुबह रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने उनकी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस पर परिजन पुलिस की शरण में पहुंचे और बरामदगी की गुहार लगाई। इधर इस मामले में हिन्दूवादी संगठनों से जुड़े लोगों ने बनभूलपुरा थाना पहुंच कर किशोरियों की बरामदगी की मांग की। उन्होंने धर्म विशेष के युवकों द्वारा धर्म विशेष के युवकों द्वारा किशोरियों को भगाने की आशंका जताई है। इस मामले में सीओ नितिन लोहनी का कहना है कि किशोरियों की खोजबीन की जा रही है। जल्द ही किशोरियों को बरामद कर लिया जाएगा।

### धामी मंत्रिमंडल की बैठक होगी कल

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव के बाद कल शनिवार को धामी मंत्रिमंडल की पहली बैठक होगी। दोपहर एक बजे से कैबिनेट बैठक शुरू होगी। बता दें इससे पहले कल हुई बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में संदिग्ध बाहरी लोगों की पहचान के लिए सघन सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए। कहा, बाहरी राज्यों के लोगों के बारे में यह जान लें कि उनका प्रदेश में भूमि खरीदने का उद्देश्य क्या है और उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला तो नहीं चल रहा है।

# पिछले तीन दशक बाद हुई भीमताल झील में सफाई की शुरुआत

नैनीताल/भीमताल

हमारे संवाददाता




झील प्रेमी पूरन चंद्र बृजवासी के बीते 7 सालों से झील की गंदगी निकासी-सफाई के लगातार किए जा रहे प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। गुरुवार के विभाग ने झील में मशीन सफाई के लिए उतारी भीमताल पर्यटन प्रदेश की मुख्य झील देश-विदेश के पर्यटकों की पहली पसंद यह झील पिछले 3 दशक से गाद मिट्टी मलबा गंदगी से भरी पड़ी हुई है, भीमताल वासियों की बार-बार मांग करने के उपरांत भी इस झील के लिए केंद्र,राज्य कहीं से भी बजट पास न हो सका, सभी झील प्रेमी शहर की जनता बड़ी मायूस थी। नगर के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने बताया कि उन्होंने पिछले 7 सालों से लगातार केंद्र, राज्य, जिला प्रशासन, विभागों के साथ बार बार पत्राचार कर रहे थे। लगातार 2 वर्षो तक झील की सफाई कूड़ा हटाकर शासन प्रशासन को चेताने का भी कार्य किया, अभी जनवरी माह से डेल्टा दिखने पर अब तक लगातार विभागीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी, कुमाऊं आयुक्त, विभागीय शासन सचिव, मुख्य सचिव,विधायक, सांसद, कैबिनेट मंत्री, मुख्यमंत्री मंत्री एवं प्रधानमंत्री तक संपर्क साधा, ज्ञापन भेजे, बृजवासी ने मामला लगातार नेशनल चैनल, दर्जनों समाचार पत्रों आदि में उठाकर झील को मलबा-गंदगी मुक्त कराने, बजट पास करने की गुहार लगाई जिसके परिणामस्वरूप शासन-प्रशासन जगा और सिंचाई विभाग द्वारा झील में मशीन उतार सफाई की शुरुआत हुई, झील प्रेमी बृजवासी ने विभाग से पूर्ण निष्ठा के साथ पूरी झील को गाद-मलुवा मुक्त बनाने कि मांग की है ।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जगह जगह योग कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



शुक्रवार को दसवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुर्वेदिक स्वास्थ्य विभाग की ओर से काशीपुर बाईपास स्थित सिटी क्लब में योग कार्यक्रम मे विधायक शिव अरोरा शामिल हुए। इस दौरान प्रशासनिक, पुलिस विभाग के समेत अन्य विभागों के उच्च अधिकारियों ने योगासन क्रिया। इस मौके पर विधायक ने किया है कि वैसे तो योग प्राचीन समय से हीं भारत की संस्कृति हमारे संतो महापुरुषों की प्राचीन धरोहर माना जाता आ रहा है, लेकिन अगर बात करें वर्तमान समय में योग को विश्व पटल पर एक अलग पहचान दिलाने में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। जिनकी एक अपील को सारे विश्व ने स्वीकारा और आज 21 जून को सारा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप मे मनाता आ रहा है। विधायक ने कहा कि मानव जीवन में मन मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ व बेहतर बनाने के लिये योग एक बेहतर माध्यम है, निश्चित रूप से योग को लेकर हमारे देश मे जागरूकता आयी है। हमारी युवा पीढ़ी के लिये योग एक बेहतर पद्धति है इसको बनाये रखते हुए जन जन तक योग को लेकर जाना है। बेहतर जीवन बेहतर कल के लिए हम सबको प्रतिदिन योग कर स्वयं व अपने परिवार को स्वस्थ रखने के लिए बेहतर माध्यम है।

इस दौरान दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, डीएम उदय राज सिंह, एसएसपी मंजुनाथ टीसी, सीडीओ मनीष कुमार, सीएमओ मनोज शर्मा, आयुर्वेदिक अधिकारी अलोक शुक्ला, जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला, सचिव पंकज उपाध्याय, नोडल अधिकारी योग डॉ रोतेला, डॉ राकेश चिलाना, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ सिटी निहारिका तोमर आदि लोग मौजूद रहे।

# रामपुर रोड यूपी बार्डर से जिला अस्पताल तक होगा सौंदर्यीकरण

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**बैठक**

- डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की हुई बैठक
- प्लान बनाते समय ड्रैनेज की चौड़ाई व ढाल को इस प्रकार बनाएं कि नियमित सफाई भी की जा सके

जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में रामपुर रोड यूपी बार्डर से जिला अस्पताल के नजदीक पेट्रोल पंप तक राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर सौन्दर्यीकरण के रिडेवलेपमेंट प्लान सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला ने बताया कि इस रिडेवलेपमेंट प्लान में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनो ओर उपलब्ध भूमि में पार्किंग, ड्रैनेज, ग्रीन बेल्ट जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास किये जाने पर प्राधिकरण कार्य कर रहा है। आयोजित बैठक में कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। साथ ही महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और अन्य विभागों से सुझाव प्राप्त हुए हैं। वीसी प्राधिकरण ने कहा कि विभिन्न विभागों से प्राप्त सुझावों को सम्मिलित करते हुए अन्य सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श करते हुए कार्य को आगे बढाया जाएगा। डीएम ने कहा कि आगामी 50 वर्षो को दृष्टिगत रखते हुए ड्रैनेज प्लान व सर्विस लेन प्रस्ताव बनाये जायें तथा प्लान बनाते समय ड्रैनेज की चौडाई व ढाल को इस प्रकार बनाएं कि नियमित सफाई भी की जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण पंकज उपाध्याय, उपायुक्त नगर निगम शिप्रा जोशी, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, यूपीसीएल विजय सकारिया, पीडब्ल्यूडी से ओपी सिंह, साइट इंजी. राराप्रा तुषार गुप्ता आदि मौजूद थे।

# जनसुनवाई में 55 शिकायतों में 43 का मौके पर निस्तारण किया



हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अल्पसंख्यक आयोग ने गुरुवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। जिसमें 55 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से 43 का मौके पर निस्तारण किया गया। अध्यक्षता करते हुए अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष नवाब ने अनुपस्थित और जांच में सहयोग न करने पर अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी मांगा। कहा कि आम जनमानस का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा।

जांच में उत्पीड़न में पाये जाने पर सम्बन्धित महकमे के अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जनसुनवाई में नियाज गंज अल्मोड़ा निवासी छात्रा सना परवीन ने बीए परीक्षा में बैक आने पर परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त अंकतालिका को दो वर्षो तक कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा सना परवीन को उपलब्ध नहीं कराई। इस पर उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने कुल सचिव को सचेत किया कि इस प्रकार की घटना दोबारा ना हो। इसी तरह आजाद नगर हल्द्वानी निवासी शराफत हुसैन ने करंट से पुत्र की मौत पर मुआवजा मिलने पर आयोग का आभार जताया। जनसुनवाई में महुआखेडागंज उधमसिंह नगर निवासी इकबाल लारी ने विद्युत विभाग द्वारा बिजली सम्बन्धी बिल व चोरी दिखाकर उत्पीड़न करने का मामला रखा। बताया कि विभाग ने पहले आरसी काट दी और आंकलन 25 दिनो के बाद किया। इस दौरान आयोग उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब ने अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए विभिन्न योजना चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कुछ एनजीओ द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त होने के कारण लोगों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कहा कि जो एनजीओ जांच के पश्चात भ्रष्टाचार में लिप्त पाये जाते हैं, उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।जनसुनवाई में सचिव अल्पसंख्यक आयोग जेएस रावत, शमा परवीन के साथ ही अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी व विभिन्न महकमे के अधिकारी और शिकायतकर्ता मौजूद रहे।

### बिजली चोरी पर विद्युत विभाग ने रानीबाग क्षेत्र में कार्रवाई की

**हल्द्वानी।** भीषण गर्मी के बीच बढ़ती ओवरलोडिंग और बिजली चोरी की वारदातों को रोकने के लए विद्युत विभाग ने रानीबाग क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाकर 2 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। इन दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है बिजली विभाग की टीम सुबह ही रानीबाग क्षेत्र में चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। बिजली विभाग द्वारा चैकिंग अभियान चलाए जाने से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई। अभियान विद्युत वितरण खंड 2 हल्द्वानी अधिशासी अभियंता प्रदीप बिष्ट के नेतृत्व में क्षेत्र में बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान में 2 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है।

# बीएलएम एकेडमी में योग दिवस पर योगाभ्यास

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



बीएलएम एकेडमी में अंतर्राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक हेमंत जोशी ने 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कॉमन योग प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास कराया। इस वर्ष की स्वयं और समाज के लिए योग थीम के तहत विद्यार्थी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास सत्र में शामिल हुए। सभी के लिए ज्ञानवर्धक सत्र में योग के माध्यम से अपनी इंद्रियों, शरीर, आत्मा और दिमाग को कैसे संतुलित किया जाए, इसके बारे में बताया और बताया कि कैसे योग अब एक सार्वभौमिक और वैश्विक दृष्टिकोण रखता है। मौके पर सूर्य नमस्कार या का अभ्यास भी किया। प्रधानाचार्या डा गायत्री कंवर ने दैनिक जीवन में योग को अपनाकर फिट और चुस्त रहने के अपने संकल्प को पूरा करने और इस संदेश को फैलाने का आग्रह किया। संगीतमय ध्यान के साथ सत्र का समापन हुआ। इस दौरान एकेडमिक कोर्डिनेटर पूनम क्षात्रा, कल्चरल कोर्डिनेटर राज चौहान, सीबीएसई कोर्डिनेटर रमेश चंद्रा, ललित उपाध्याय,निर्मला पंवार, तारा दुर्गापाल एवं योग विधार्थियों समेत समस्त कार्मिक उपस्थित थे।

# अरुंधति राय व डॉ0 शौकत के विरूद्ध मुकदमे को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

गुरुवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) की शहर इकाई नैनीताल की ओर से प्रख्यात लेखिका अरुंधति राय और डॉ0 शौकत हुसैन के विरूद्ध दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दिये जाने के खिलाफ एक ज्ञापन आयुक्त कुमाऊँ मण्डल नैनीताल के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया। जिसमें उनके द्वारा अरुंधति राय और डॉ0 शौकत हुसैन के विरूद्ध यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति को तत्काल निरस्त किए जाने की मांग की गई है। और यूएपीए जैसे दमनकारी कानून को रद्द किया जाए और राजनीतिक दुराग्रह और मतभिन्नता के चलते गिरफ्तार किए गए सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा किया जाए। इस दौरान ज्ञापन भेजने वालों में कैलाश जोशी एडवोकेट नगर सचिव भाकपा माले समेत हरीश चन्द्र भट्ट डवोकेट सुभाष जोशी,एडवोकेट राजेन्द्र सिंह एडवोकेटद्ध पंकज तथा एडवोकेट अक्षत सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। विरूद्ध दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दिये जाने के खिलाफ एक ज्ञापन आयुक्त कुमाऊँ मण्डल नैनीताल के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया। जिसमें उनके द्वारा अरुंधति राय और डॉ0 शौकत हुसैन के विरूद्ध यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति को तत्काल निरस्त किए जाने की मांग की गई है। और यूएपीए जैसे दमनकारी कानून को रद्द किया जाए और राजनीतिक दुराग्रह और मतभिन्नता के चलते गिरफ्तार किए गए सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा किया जाए। इस दौरान

ज्ञापन भेजने वालों में कैलाश जोशी एडवोकेट नगर सचिव भाकपा माले समेत हरीश चन्द्र भट्ट डवोकेट सुभाष जोशी,एडवोकेट राजेन्द्र सिंह एडवोकेटद्ध पंकज तथा एडवोकेट अक्षत सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।